दैनिक जागरण 13/11/2024

जीएमन कालेज में ग्राफिक डिजाइनिंग पर विद्यार्थियों को दिए गए टिप्स

जागरण संवाददाता • अंबाला गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमन) कालेज अंबाला छावनी के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग, कंप्यूटर विज्ञान विभाग एवं टेक्नो क्लब के सहयोग से ग्राफिक डिजाइनिंग कैनवा पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। सत्र की शुरुआत प्रो. कमलप्रीत कौर ने की एवं अपने संभाषण में एचआइईटी अंबाला शहर के विभागाध्यक्ष करण झा का परिचय कराया। इस कार्यशाला का प्राथमिक उद्देश्य प्रतिभागियों को एक लोकप्रिय आनलाइन डिजाइन प्लेटफार्म कैनवा से परिचित कराना और उन्हें इंटरनेट मीडिया, प्रस्तुतियों, विपणन सामग्री और बहुत कुछ के लिए आकर्षक सामग्री बनाने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना रहा। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों को अपने रोजगार कौशल को बढ़ाने के लिए ऐसी कार्यशालाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की डीन डा. प्रबलीन कौर ने विद्यार्थियों को बताया कि कैनवा की विशेषताओं के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था। डा. उपिंदर कौर ने बताया कि स्क्रैच से डिजाइन कैसे बनाएं। प्रो. श्याम रहेजा ने बताया कि सत्र सभी विद्यार्थियों के लिए रोचक एवं ज्ञानवर्धक रहा। कार्यशाला में प्रो. नीलम, प्रो. योगिता, डा. गीता कौशिक और डा. भारती सुजान आदि मौजूद रहे।



जीएमएन कालेज में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी। • सौजन्य विज्ञप्ति